# संभागीय आयुक्त ने कोविड की रोकथाम के लिए विस्तृत चर्चा की



संभागीय आयुक्त डॉ.राजेश शर्मा ने राजीव गांधी सेवा केन्द्र वीसी कक्ष से संभाग के जिला कलैक्टर्स से वीसी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं व कोविड-19 से बचाव की तैयारियों की जानकारी ली।

**जोधपुर**, (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ.राजेश शर्मा ने मंगलवार को राजीव गांधी सेवा केन्द्र वीसी कक्ष से संभाग के सभी जिला कलैक्टर्स से वीसी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं व कोविड-19 से बचाव की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। जोधपुर वीसी कक्ष में जिला कलैक्टर जोधपुर इन्द्रजीत सिंह भी उपस्थित थे।

संभागीय आयुक्त ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की जिलेवार समीक्षा करते हुए इसमें पंजीकरण बढाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य से जुडी योजना है, इसका लाभ ज्यादा से ज्यादा मिले। इसके पूरे प्रयास करे।

## गृह विभाग की गाइड लाइन की पालना करें

संभागीय आयुक्त ने कहा कि गृह विभाग द्वारा जो गाइड लाइन जारी की है उसकी पालना सुनिश्चित करावे ताकि संक्रमण को बढने से रोका जा सके व कोविड से बचाव हो सके।

उन्होंने कहा कि रात्रि 11 बजे से प्रात: 5 बजे तक नाइट कफ्र्यू की पालना सही हो इसके लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व संबंधित विभाग सजगता बनाये रखे। पालना नही करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि शादी समारोह में 100 व्यक्तियों की सीमा की पालना करवानी है। मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग, पर विशेष ध्यान रखा जावे।

नई गाईडलाईन की पालना नहीं करने वालों के चालान करावे। लोगों को जागरूक भी करे।

## सैम्पलिंग की क्षमता बढ़ाएं

संभागीय आयुक्त ने वीसी में सैम्पलिंग की चर्चा करते हुए कहा कि सैम्पपिंग को प्राथमिकता से लेवे। बाहर से आने वालों की सैम्पलिंग करावे। रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड व एयरपोर्ट पर भी सेम्पलिंग बढाये। जिन्होंने दोनो डोज नहीं लगायी उसकी भी सैम्पलिंग करावे।

## बजट घोषणाओं के कार्य समय पर हो

संभागीय आयुक्त ने वीसी में सभी जिला कलक्टर्स से मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जो भी बजट घोषणाएं जिस वर्ष की है उनकी समय पर स्वीकृति व समय पर कार्य शुरू करावे व समय पर कार्य पूर्ण करने के प्रयास करे। उन्होंने कहा कि चल रहे कार्यो की समय समय पर बेहतर मॉनिटरिंग भी रखे।

## वैक्सीनेशन पर फोकस करने के निर्देश दिए

संभागीय आयुक्त ने कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए वैक्सीनेशन पर विशेष फोकस करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिनकी पहली डोज लगी व दूसरी डोज नहीं लगी उनके दूसरी डोज लगे व पहली डोज भी नहीं लगवायी उसके प्राथमिकता से डोज लगवाये।

उन्होंने कहा कि बूस्टर डोज भी हैल्थ वर्कस व फ्रंट लाईन वर्कर्स के लगानी है।

## शुद्ध के लिए युद्ध अभियान को गंभीरता से लें

संभागीय आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश से मिलावट खोरो के विरूद्ध शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाया गया है। प्रतिदिन सैम्पल लेने व मिलावट पाये जाने पर कार्यवाही करावें। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थो में मिलावट की सही सूचना देने वालो को 51 हजार का ईनाम भी देने की सरकार से व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि संभाग के सभी जिलो में मोबाइल फूड टेस्टिंग वेन भी भ्रमण पर है जो घरो, कॉलोनियो में मौके पर जाकर खाद्य पदार्थो की जांच व हाथोहाथ रिजल्ट भी देगी। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की इसमें विशेष जिम्मेदारी बनती है।

## जल जीवन मिशन के कार्य को गति दें

संभागीय आयुक्त ने वीसी में कहा कि जलजीवन मिशन महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जल जीवन मिशन में हर घर को जल कनेक्शन देना है। इस कार्य को गति देवे। जो कार्य स्वीकृत है उन्हे शुरू करके समय पर लोगों को लाभ मिले। जिन प्रोजेक्ट के टेंडर नहीं किए उनके टेंडर करावे व काम शुरू करे।

## संभावित तीसरी लहर से बचाव की पूरी तैयारी रखें

संभागीय आयुक्त ने वीसी में संभाग के जिला कलक्टरर्स से जिलो के कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए व कोविड संक्रमण के बढते केसेज को देखते हुए सभी तरह कि चिकित्सा सुविधाए बेहतर रखने की तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ऑक्सीजन प्लांट, जो लगे है उन्हें चेक करले, ऑक्सीजन कंस्टेटर, दवाईयां, ऑक्सीजन बेड, आईसीयू बेड की व्यवस्थाएं रखे।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संचालित योजनाओं मुख्यमंत्री कन्यादान, हथलेवा योजना, सिलिकोसिस पॉलिसी 2019 के तहत देय लाभा, मुख्यमंत्री एकलनानरी सम्मान पेंशन योजना, पालनहार व मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना व विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना का पात्र व्यक्ति को लाभ सुनिश्चित करे।

संभागीय आयुक्त ने संभाग में स्वीकृत महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल जिलेवार लक्ष्य के अनुसार खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन शहरों के संग अभियान की प्रगति जानी व कैम्प कार्यो की समीक्षा एवं कैम्प में जारी किए व लंबित पट्टों की प्रगति जानी। संभागीय आयुक्त ने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय पर इसके निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वन भूमियों के राजस्व रेकॉर्ड पर अमलदरामद कराने एवं राजस्व नक्शों के संबंध पर समय पर कार्यवाही करने को कहा।

जिला कलैक्टर जोधपुर इन्द्रजीत सिंह ने वीसी में बताया कि कोविड प्रबन्धन के लिए जिला प्रशासन, पुलिस व नगर निगम एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग समन्वय से बचाव के लिए कार्य कर रहा है। नाइट कर्फ्यू व जनअनुशासन की पालना के लिए लगातार सजगता बरत रहे है।

जिला कलैक्टर जैसलमेर आशीश मोदी, जिला कलैक्टर जालोर नम्रता वृष्णि, जिला कलैक्टर बाड़मेर लोकबंधु, जिला कलैक्टर सिरोही, भगवती कलाल व जिला कलैक्टर पाली अंशदीप ने अपने अपने जिले का कोविड प्रबन्धन, आक्सीजन प्लांट, टीकाकरण, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, शुद्ध के लिए युद्ध अभियान, अस्पतालों में बेड, जल जीवन मिशन, निरोगी राजस्थान, महात्मा गांधी अंठोजी माध्यम स्कूल, मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं की प्रगति की जानकारी दी।

जोधपुर राजीव गांधी सेवा केन्द्र सीसी में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय मुकेश कलाल, मुख्य वन संरक्षक एसआरवी मूर्ति, संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. जोगेशवर प्रसाद गर्ग, संयुक्त निदेशक सांख्यिकी एलएन बैरवा, उपायुक्त मांडा रैनू सैनी, संयुक्त निदेशक शिक्षा प्रेमचंद सांखला, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रतापसिंह राठौड़ सहित अधिकारी उपस्थित थे।



पाली में क्षतिग्रस्त सड़कों को लेकर रुईकटला चूड़ीघर बाजार में व्यापारियों ने जाम लगाकर रोष जताया। व्यापारियों के साथ स्थानीय पार्षद राधेश्याम चौहान, महबूब टी भी मौके पर पहुंचे तथा मौके पर एलएनटी के अधिकारियों को बुलाकर खरी खोटी सुनाई और शीघ्र ही पर सड़क का कार्य करने को कहा। पाली में कई जगह पर एलएनटी के अधूरे काम हैं। फोटो-राष्ट्रदूत

# सफाई कार्य किया

**जालोर**, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय महाविद्यालय जालोर में एन.एस.एस. के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को तीनों इकाईयों के स्वयंसेवकों के द्वारा इकाई प्रभारियों रीनू कुमारी, ललिता यादव तथा विक्रम टांक के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर के सामने स्टेडियम के सामने तथा बॉयज हास्टल कैम्पस की साफ सफाई की।

एन.एस.एस की तीनों इकाई द्वारा गोद ली हुई बस्तियों, ताशखाना बावडी, मालनाथ की ढाणी व शेषनाथ की ढाणी में साफ सफाई कार्य किया गया।

# पर्यटन उद्योग के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने का प्रयास

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। औद्योगिक वातावरण को बढ़ावा देने व नवीन निवेष के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाने को लेकर जैसलमेर में जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जा रहा है।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबन्धक हरीष कुमार व्यास ने बताया कि समिट का आयोजन जिला प्रशासन, रीको व जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में 07 जनवरी को प्रात: 10 बजे वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी की अध्यक्षता में शहर के मैरियट होटल में रखा गया है। इस समारोह में प्रभारी सचिव डॉ. के.के. पाठक तथा जिला कलैक्टर आशीष मोदी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

महाप्रबन्धक ने बताया कि इस समिट से राजस्थान को वैश्विक इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के तौर पर विकसित करने के सार्थक प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि जैसलमेर में निवेश करने के कई कारण हैं, जिले में पर्यटन उद्योग एवं हैण्डीक्राफ्ट, खनिज सम्पदा, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश की अपार सम्भावनाएं हैं। जिले में पाए जाने वाला पीले पत्थर की विशेषताओं के कारण इसकी मांग देश-विदेश में बढ़ती जा रही है। जिले में पत्थर शिल्प कला की समृद्ध परम्परा है। जिले के सोनू क्षेत्र में देश के सबसे उच्च गुणवत्ता वाले सीमेंट ग्रेड एवं स्टील ग्रेड चूना पत्थर का अथाह भण्डार है। जिले में ट्ययूरिज्म की दृष्टि से प्रतिवर्ष 6 लाख से अधिक देशी-विदेशी पर्यटकों का आगमन होता है। इसके साथ ही फिल्म जगत में भी जैसलमेर जिला फिल्म निर्माताओं की पहली पसन्द बनता जा रहा है। साथ ही जिले में सोलर पार्क, रूफ-टॉप सोलर ऊर्जा उत्पादन, सोलर आधारित उपकरणों का निर्माण, पवन और हाईब्रिड ऊर्जा उत्पादन जैसे निवेश के कई क्षेत्र विद्यमान है। जिले में इन्दिरा गांधी नहर परियोजना व भूमि की विशेष गुणवता के कारण कृषि आधारित उद्योगों में तीव्र गति से वृद्धि हो रही है।

# विद्यार्थियों के टीकाकरण की नियमित समीक्षा करने के निर्देश

**जोधपुर**, (कासं)। जिला कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह ने उपखण्ड अधिकारियों को अपने क्षेत्र के राजकीय एवं निजी क्षेत्र के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 15-18 वर्ष आयु के लाभार्थी विद्यार्थियों के कोविड टीकाकरण के संबंध में शिक्षा विभाग एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से प्रगति के संबंध में नियमित समीक्षा, मोनिटरिंग एवं सुपरविजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने उपखंड अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर बताया है कि 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लाभार्थी बच्चों का टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। जिले के लक्षित लाभार्थियों को समयबद्ध तौर पर अधिक टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर राजकीय एवं निजी क्षेत्र के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों को कार्यक्रम में संलग्न करते हुए चिकित्सा विभाग के स्तर से आयोजित होने वाले टीकाकरण सत्र में बालकों को प्रोत्साहित करने की कार्य योजना बनाई गई है। योजना के क्रियान्वयन के तहत चिकित्सा विभाग के स्तर से राजकीय एवं निजी विद्यालयों में टीकाकरण सत्र के लिए शिविर आयोजन की पूर्व सूचना पर शिक्षा विभाग, निजी स्कूल प्रबंधन के स्तर से कार्यवाही कर मांग अनुसार समुचित कक्ष आवंटन, संस्था स्तर से समन्वय के लिए स्टॉफ एवं संबंधित व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा।

# गोलिया में चीतो ने आठ भेड़ों को मारा, पांच को घायल किया

**पिण्डवाड़ा**, (निसं)। समीपवर्ती ग्राम सिवेरा में स्थित गांव गोलिया में सोमवार को अर्द्धरात्रि में पशुओं के बाडे में दो चीतों ने हमला कर आठ भेड़ों को मौके पर ही मार दिया, तो पांच भेड़ों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोलिया निवासी भैराराम पुत्र कानाजी जाति रेबारी गत सोमवार को रोज की भांति पशुओं को घर में बने पशु बाडे में छोड़कर रात्रि में विश्राम कर रहे थे कि करीब ढाई बजे पशुओं के बाडे में भेड़ो के मिमियाने की आवाजे आने लगी। तब पशुपालक भैराराम रेबारी ने आवाजे सुनकर अपने हाथ में बैटरी व लाठी लेकर देखा, तो पशुपालक रेबारी को बाडे में दो चीते दिखे, जो एक बैटरी की रोशनी पड़ने पर एक भेड़ को मुंह में दबोचते हुए पास के खेत की तरफ ले गया। इसके बाद एक चीता भी उसके पीछे भाग गया। पशुपालक ने चीतों को देखकर अपने आस-पडौस के लोगों को आवाज देकर उठाया। तब पशुपालक व आस-पडौस ने देखा कि बाडे में 7 भेड़े मौके पर मृत पड़ी हैं, तो एक भेड़ को चीता पास के खेत के रास्ते होते पास के पहाडी में ले गया। जबकि पांच भड़ें गंभीर रूप से घायल मिली। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग, पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग व पशु चिकित्सक को दी। जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन घटना स्थल पर मंगलवार सुबह 9 बजे पहुंचा। घटना के बाद पशु चिकित्सक डॉ.परमानंद टेम्बूलकर ने मृत भेड़ों पोस्ट मार्टम किया। पशु पालक ने घटना को लेकर स्थानीय थाने में मामला भी दर्ज करवाया है।

गांव के पशुपालकों व ग्रामीणों में भय व्याप्त है कि यह चीते दोबारा से हमला नहीं कर दे।

हालांकि वन विभाग के क्षेत्रिय वन अधिकारी लक्ष्मण सुरेशा ने अपने वन विभाग स्टाफ को गांव में मुस्तैद कर रखा है, ताकि हिंसक पशुओं द्वारा घटना पुन: नहीं घटित हो सके।

वन विभाग पिण्डवाड़ा के रेंजर लक्ष्मण सुरेषा ने बताया कि चीतों की घटना के बाद में वन विभाग स्टाफ को गांव में मुस्तैद कर रखा है। साथ ही ग्रामीणों को हिंसक पशुओं की के बारे में जानकारी दी जायेगा ताकि न ग्रामीणों को नुकसान को सके और न ही चीतों को। जबकि पशुपालक को वन विभाग स्तर पर मुआवजा दिलवाने की कार्रवाही की जायेगी।


# हजरत इश्क अली शाह बाबा का उर्स मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। हर साल की तरह इस साल भी कौम निवारघरान युवा विकास समिति की ओर से दरगाह हजरत इश्क अली शाह बाबा गंगलाव तालाब, बकरामण्डी का उर्स मुबारक बड़ी शानों शौकत के साथ मनाया गया। मोहम्मद रऊफ शेख ने बताया कि इस अवसर मोहल्ला निवारघरान मोहल्ला विकास समिति द्वारा दरगाह में चादर शरीफ पेशकर देश में अमन, शांति और भाईचारे की दुआएं मांगी गई। इस मुबारक मौके पर सूर्यनगरी के सुप्रसिद्ध कव्वाल मोइनुद्दीन मनचला एण्ड पार्टी ने सूफियाना कलाम व चादर पेश मनमोहक कव्वाली पेश की।

# ए.डी. राही अवार्ड फारुक़ इंजीनियर को दिया

**जोधपुर**, (कासं)। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था तहज़ीब की ओर से पहला ए डी राही अवार्ड सीकर मूल के शाइर फारुक़ इंजीनियर की पुस्तक कितने सूरज को समारोह पूर्वक प्रदान किया गया ।उस्ताद गणेशी लाल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शाइर शीन काफ़ निज़ाम ने की । मुख्य अतिथि नेशनल लॉ युनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर पूर्व न्यायाधीश जस्टिस एन एन माथुर थे । कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों का स्वागत तहजीब संस्था के पदाधिकारियों द्वारा किया गया ।संस्था के पिछले 15 वर्षों की साहित्य की यात्रा का वृतांत सचिव नफासत अहमद ने प्रस्तुत किया। मरहूम ए डी राही की साहित्यिक जीवन यात्रा का विस्तृत परिचय शाइर इशराक़ुल इस्लाम माहिर ने प्रस्तुत किया। अवार्ड प्राप्त करने वाली पुस्तक कितने सूरज के लेखक इंजीनियर का परिचय शीन मीन हनीफ ने दिया।

# विधायक कुमावत ने जवाई बांध का निरीक्षण किया



सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने जवाई बांध का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**सुमेरपुर**, (निसं)। जवाईबांध स्टेशन का सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने मंगलवार को संस्थान के पदाधिकारियों के साथ जवाई बांध स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया।

सुमेरपुर रेल विकास सेवा संस्थान के सचिव राजेश जोशी ने बताया कि जवाई बांध स्टेशन पर आमजन की समस्याओं को लेकर विधायक जोराराम कुमावत के सानिध्य में संस्था अध्यक्ष सत्यप्रकाश गुप्ता के साथ स्टेशन पर बने फुट ओवरब्रिज के पिछले हिस्से में सीढियां बनाने को लेकर मोके पर ही विधायक ने डीआरम अजमेर को मोबाइल से बातचीत की एवं रेलवे ब्रिज के बारे में भी चर्चा कर जल्द पूरा करवाने की बात रखी। वही स्टेशन पर यात्री प्रतीक्षालय रूम में फर्नीचर बनवाने, रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो पर पर्याप्त रोशनी नही होने एवं प्लेटफार्म दो के मध्य भाग पर शौचालय निर्माण करवाने के साथ ही रेलवे द्वारा एक नम्बर प्लेटफार्म व दो नम्बर प्लेटफॉर्म के शौचालय पर ताले को खुलवाने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि पिछले दो साल पूर्व बनाये गये शौचालय यात्रियों की सुविधा के लिए बनाये गये थे। लेकिन एक समस्या बनाकर रख दिया गया। स्टेशन के मुख्य द्वार के समीप यात्रियों की सुविधा के लिए भूमिगत ब्रिज बनाकर यात्रियो एवं दिव्यांगों को लगेज लाने व ले जाने में राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्लेटफॉर्म 2 के अहमदाबाद वाले मार्ग पर डीएफसी लाइन पर भूमिगत ब्रिज के बारे में चर्चा कर आवागमन में बाधित हो रही कमियो के बारे जानकारी ली। स्टेशन मास्टर श्याम लाल मीणा ने बताया कि ये अंडर ब्रिज रेलवे को डीएफसी वालों ने सुपुर्द नहीं किया जबकि भूमिगत पास बने तकरीबन दो से ढाई साल हो गए। लेकिन यात्री के भारी भरकम लगेज को लेकर यात्री परेशान है। लेकिन स्टेशन ने ये कहते हुए बात टाल दी की ये केवल कब्रिस्तान जाने के लिए बनाया गया। सम्भवत: जनता के करोड़ रूपये का दुरूपयोग हो रहा हैं। जिसको सुधार की जरूरत है। स्टेशन मास्टर मीणा ने बताया कि रेक पॉइंट के लिए 47 लाख की लागत से प्लेटफार्म बनाया जाएगा जिससे रेक लोड व अनलोड करने व जिंसों को भी सुरक्षित रख सकते है।

इस मौके पर संस्था के सदस्य पोपटलाल जेन,श्रवण राठी,भंवर अग्रवाल, प्रकाश भिनमाला,रविकान्त रावल आदि मौजूद रहे।

# श्रम राज्य मंत्री के भतीजे के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज

**जालोर**, (कासं)। श्रम राज्य मंत्री व सांचोर विधायक सुखराम विश्नोई के भतीजे सदराम विश्नोई द्वारा उपखण्ड कार्यालय में हंगामा कर एसडीएम के साथ बदसलूकी करने का मामला सामना आया। एसडीएम के साथ बदसलूकी करने के साथ ही सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और राजकार्य में बाधा डालते हुए सरकारी पत्रावलियों तक को फाड दिया। एसडीएम ने मंत्री के भजीत के खिलाफ राजकार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज करवाया।

जानकारी के मुताबिक सांचोर उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश माचरा सोमवार को उपखंड कार्यालय में बैठे थे। सुबह करीबन साढे 10 बजे मंत्री सुखराम विश्नोई के भतीजे अधिवक्ता सदराम विश्नोई और अन्य कुछ लोग उनके कार्यालय में जबरन घुस गए। इसके बाद सदराम विश्नोई ने एसडीएम से बदसलूकी की। एसडीएम को धमकी देते हुए उसके मुताबिक फैसला देने के लिए कहा। इसके बाद सदराम ने आवेश में आकर एसडीएम से गाली गलौच की और सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाया। इस दौरान कार्यालय में कांच की टेबल को पेपर वेट से तोड दिया।

एसडीएम सांचोर ओमप्रकाश माचरा ने बताया कि सोमवार सुबह 10.30 बजे सदराम विश्नोई किसी मुकदमे के फैसले को आकर बहस की। तथा फैसला अपने पक्ष करने को कहा। इस पर उन्हे अपील करने के लिए निर्देशित किया तो वे आवेश में आए व तोडफोड कर दी। सरकारी पत्रावली को फाड दिया और कार्यालय में रखी कांच की टेबल को भी तोड़ दिया। इतना ही नहीं सदराम विश्नोई ने देख लेने की धमकी भी दी।

सांचोर विधायक व मंत्री के भतीजे का इस प्रकार सता का गुरूर दिखाने पर राजस्व परिषद जालोर ने रोष प्रकट किया। तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपकर सदराम के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। मंत्री के भतीजे द्वारा एक सरकारी कार्मिक को धमकाने को लेकर चर्चा का बाजार गर्म नजर आया। वही सदराम विश्नोई ने 2018 में तत्कालीन एसडीएम मुरारीलाल शर्मा से भी बदसलूकी की थी। वही सदराम विश्नोई सांचोर बार एसोसिएशन से दूसरी बार अध्यक्ष है।

अधिवक्ता सदराम विश्नोई ने बताया कि सांचोर एसडीएम बिना सुनवाई ही प्रकरणो के आदेश पारित करते है। जिसकी शिकायत साथी अधिवक्ताओं ने उन्हे बताई।

इस दौरान एक दावा फाइल उन्होने खुद भी पेश की । जिसे भी बिना दर्ज किये खारिज कर दिया। इस पर विरोध दर्ज करवाय। इस पर एसडीएम तेश में आ गये तथा धमकीया दी तथा देर रात्रि को कांच तोडकर झुठा प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

राजस्व परिषद भीनमाल व राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ जालोर ने एसडीएम के साथ बदसलुकी करने तथा राजकार्य में बाधा पहुंचाने की घटना पर रोष प्रकट कर मुख्यमंत्री को जिला कलैक्टर ने माध्यम से ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि एसडीएम सांचोर के साथ अधिवक्ता सदराम विश्नोई द्वारा राजकार्य में बाधा, पीठासीन अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार कर गाली गलौज करने, धमकिया देते हुए एसडीएम कार्यालय में तोड़फोड की गई है। इस घटना की घोर निंदा करते हुए अधिवक्ता सदराम विश्नोई के खिलाफ कडी कार्यवाही करते हुए अधिवक्ता सनद खारिज करने की मांग की गई। कार्यवाही नही होने पर मंत्रालयिक कर्मचारी संघ व राजस्व परिषद आंदोलन करेगी।

इस दौरान मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रूस्तम खान खोखर, राजेन्द्र कुमार, विकास सोलंकी, हनवंतसिंह सहित काफी संख्या में मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद थे।

# जोधपुर के जवान का जम्मू कश्मीर में दिल का दौरा पड़ने से निधन

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर जिले के ओसियां तहसील के सारण नगर निवासी भीयाराम का जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से निधन हो गया।


जवान का शव उनके पैतृक गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने भारत माता की जयकारों से आसमान गुंजायमान हो गया। उसके बाद साथ आये सैन्य अधिकारियों ने परिवार जनों को तिरंगा भेंट कर ढांढस बंधाया। जवान के पार्थिक देह को आमजन के साथ सेना के अधिकारियों और नेताओं ने श्रदांजलि दी गई। वहीं, भीयाराम के पुत्र ने अपने पिता को मुखाग्नि दी तब हर ठाामवासी की आंखे नम हो गई।

ओसियां विधायक दिव्या मदेरणा ने सोशल मीडिया पर शोक जताया साथ ही पूर्व केबिनेट मंत्री शम्भूसिंह खेतासर, पूर्व सरपंच लक्ष्मण राम सहित ठाामीणों ने परिवार जनों के पास पहुँच कर ढांढस बंधाया।

गौरतलब है कि भीयाराम के दूसरे दोनों भाई भी फ़ौज में है जिसमें से सबसे बड़ा भाई झुमराम सूबेदार से रिटायर्ड है। तो उनके दोनों पुत्र भी देश की सेवा में लगे हुए है।

साथ ही उससे छोटे भाई भी ऑन ड्यूटी भारतीय सेना में है। तीनों भाइयों में सबसे छोटे भीयाराम ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए है। भीयाराम के पिता पैतृक गांव में खेती करते हैं।

# रास्ते से अतिक्रमण हटाया


मंडार के पास भटाणा में रास्ते से अतिक्रमण हटाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**मंडार**, (निसं)। सिरोही जिले में मंडार के निकटवर्ती भटाणा गांव में बिलानाम रास्ते पर मंगलवार को अतिक्रमण को हटाया गया।

जानकारी के अनुसार किशन पुत्र चेलाराम और अर्जुन पुत्र चेलाराम द्वारा रास्ते को रोककर अतिक्रमण कर दिया। जिससें गेलाराम पुत्र वेलाराम, निवासी भटाणा के घर जाने का रास्ता बंद हो गया। न्यायालय के आदेशनुसार मंडार उप तहसीलदार द्वारा बेदखली आदेश जारी करने के उपरांत भी अतिक्रमी ने बिलानाम रास्ते से अतिक्रमण नहीं हटाया तो मौके पर जाकर नायब तहसीलदार रामलाल, भूअभिलेख निरीक्षक आसुराम नायक,भटाना पटवारी शंकर प्रजापत व पुलिस प्रशासन की ओर से हेड कांस्टेबल गणेशाराम, कांस्टेबल रिंकूसिंह को पुलिस के जवानों ने मौके पर जाकर जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाकर शांतिपूर्ण रास्ता खुलवाया।

अतिक्रमी को हिदायत दी कि वह भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करें नहीं तो उनके खिलाफ नियमानुसार राजकीय कार्रवाई की जाएगी।